स्पीड न्यूज

## तीसरे दिन 5 उम्मीदवारों ने किया नामांकन पत्र दाखिल

**चतरा।** चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के नामांकन के तीसरे दिन 5 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। सुमित कुमार यादव ने स्वतंत्र रूप से 2 सेट में, डॉ सीताराम सिंह ने जयप्रकाश जनता दल से 4 सेट में, संजय कुमार स्नेही ने स्वतंत्र रूप से 1 सेट में, दर्शन गंझू ने स्वतंत्र रूप से 1 सेट में और कृष्णानंद त्रिपाठी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से 2 सेट में नामांकन दाखिल किया। नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन तक कुल 9 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। अब तक कुल 26 फॉर्म क्रय किए गए हैं।

## अंग्रेजी शराब के साथ चार गिरफ्तार

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदरवा वाइन शॉप के समीप सोमवार रात को पुलिस ने अंग्रेजी शराब के साथ इंदरवा निवासी अशोक कुमार पिता रामकिशन यादव, सुरेश यादव रतनपूरा दिबौर निवासी सुभाष कुमार पिता राजकुमार पंडित, झरीटांड़ इंदरवा निवासी सकलदेव कुमार पिता रामानी यादव को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त चारों लोग अंग्रेजी शराब को अवैा रूप से बिहार भेजने की तैयारी में थे। जिसकी सूचना पुलिस को मिलते ही करवाई की गई। इस कार्यवाई में स्कॉर्पियो संख्या जेएच02एच/ 0009 व मोटरसाइकिल संख्या जेएच12एम/ 3970 को जब्त किया गया। वहीं खबर लिखे जाने तक गिरफ्तार लोगों को कोडरमा थाना कांड संख्या 88/24 के तहत कार्यवाई करते हुए जेल भेजने की तैयारी की जा रही थी।

## नैतिक मतदान करने के उद्देश्य से चला मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**कोडरमा।** जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने व शत-प्रतिशत मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के उद्देश्य से स्वीप कोषांग द्वारा विभिन्न गतिविाियों के मायम से कम मतदान वाले क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाकर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। वहीं बूथ लेवल अधिकारी के द्वारा मतदाताओं के बीच मतदाता मार्गदर्शिका बुकलेट का वितरण कर 20 मई 2024 को मताािकार का प्रयोग कर मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में सहभागी बनने की अपील की गई। इसके अलावा जिले में बनाये गये नये मतदान केंद्रों के बारे में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर स्टीकर लगाया जा रहा है और मतदाताओं को उनके मतदान केंद्र के बारे में जानकारी दिया जा रहा है। साथ ही मतदाताओं को वोटर हेल्पलाइन एप, सी-विजिल एप, मतदान की प्रक्रिया आदि की जानकारी दिया जा रहा है एवं निर्भीक होकर मतदान करने के लिए अपील किया गया।

## कॉमरेड विनोद सिंह मजदूर दिवस पर करेंगे लोकसभा चुनाव का नामांकन दाखिल

**कोडरमा।** बुधवार को शिकागो के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के साथ लोकसभा चुनाव में भाकपा माले गिरिडीह से चुनावी बिगुल फूंकेगी। कोडरमा लोकसभा सीट से इंडिया गठबंान समर्थित भाकपा-माले उम्मीदवार और बगोदर वाियक कॉमरेड विनोद सिंह गिरिडीह में जिला निर्वाचन पदाािकारी के समक्ष पर्चा दाखिल करेंगे। नामांकन के बाद फुटबॉल मैदान पपरवाटांड़ गिरिडीह में नामांकन सभा होगी। नामांकन सभा में कोडरमा लोकसभा के कोडरमा, बगोदर, गांडेय, जमुआ, बरकट्ठा और राजानवार विधानसभा से भारी संख्या में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता शिरकत करेंगे। इंडिया गठबंान के कोडरमा जिला संयोजक सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने बताया कि मजदूर दिवस पर इंडिया गठबंधन के भाकपा-माले प्रत्याशी सह बगोदर विधायक कॉमरेड विनोद सिंह के नामांकन दाखिल करने का लोगों में खास उत्साह है और भारी संख्या में समर्थक गिरिडीह पहुंचेंगे।

### इंटर विज्ञान कला व वाणिज्य परीक्षा परिणाम में

# रामलखन सिंह यादव इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं का रहा दबदबा

### सृष्टि वाणिज्य में जिला टॉपर व राज्य में आठवें स्थान पर व अजीत विज्ञान में सेकंड टॉपर









**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा जारी इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में रामलखन सिंह यादव इंटर कॉलेज झुमरीतिलैया के छात्र-छात्राओं ने इंटर कला, विज्ञान व वाणिज्य में छात्रों के शानदार प्रदर्शन से कॉलेज का कुल परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विज्ञान संकाय में 94 प्रतिशत, कला संकाय में 99 प्रतिशत व वाणिज्य में 100 प्रतिशत परिणाम रहा।

**इंटर विज्ञान में शानदार प्रदर्शन जिला टॉप 10 में महाविद्यालय की 9 छात्र-छात्राएं :** जिले में टॉप टेन में महाविद्यालय के 9 छात्र-छात्राएं शामिल हैं, जिनमें अजीत पंडित 449 अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहे, शिकू मोदी 445 अंक के साथ चौथे, मुस्कान प्रवीण व अमित साव 444 अंक प्राप्त कर पांचवें, पवन यादव व सिमरन कुमारी 441 अंक प्राप्त कर सातवें, अंशु कुमारी 440 अंक प्राप्त कर आठवें, सूरज कुमार व मो साजिद 439 अंक प्राप्त कर जिले में नौवें स्थान पर रहे। विज्ञान में 647 बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण रहे।

**इंटर वाणिज्य संकाय में महाविद्यालय के टॉप 10 में चार छात्र-छात्राएं :** वाणिज्य संकाय में महाविद्यालय के चार छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन शानदार रहा। जिले में टॉप 10 में महाविद्यालय के चार छात्राएं शामिल हैं, जिनमें सृष्टि कुमारी 463 अंक प्राप्त कर राज्य में आठवां व जिले में पहला स्थान प्राप्त की। वहीं ईशा कुमारी 453 अंक के साथ चौथे, शिवांगी कुमारी 447 अंक के साथ छठे, सूरज कुमार शर्मा 432 अंक के साथ दसवें स्थान पर रहे। परीक्षा में छात्रों के उम्दा प्रदर्शन पर प्राचार्य डॉ. जितेंद्र बहादुर ने प्रश्नता जाहिर करते हुए कहा कि कॉलेज के शिक्षकों व छात्रों के कठिन परिश्रम से हमेशा ही परिणाम बेहतर रहा है। उन्होंने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने परीक्षा में अच्छे अंक हासिल कर न केवल अपने अभिभावकों का बल्कि कॉलेज और जिला का भी नाम रौशन किया है। उन्होंने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यार्थियों की सफलता पर कॉलेज अध्यक्ष डॉ नीरा यादव, सचिव अजय प्रताप सिंह, उप प्राचार्य प्रो. कमलेश कमल, प्रो. उमेश प्रसाद सिंह, प्रो. आर के गुप्ता, डॉ. पी एल यादव, डॉ. नीता कुमारी, प्रो. एस जोजो, प्रो. एस के पटेल, प्रो. समसुद्दीन, प्रो. दिनेश यादव, प्रो. नित्यानंद पांडेय, प्रो. पी एन सिन्हा, प्रो. उषा कमल, प्रो. चंदन कुमार, प्रो. सविता कुमारी, प्रो. अभिषेक रंजन, प्रो. प्रीति कुमारी, मो. मोजिब फैज, बालेश्ववर यादव, कोलेश्वरा यादव, विष्णुदेव यादव, विशेश्वर यादव, रामचंद्र यादव, ललन यादव, विजय कुमार यादव, नयन सिंह, राजेश कुमार, सुभाष यादव, राहुल सिंह सहित कॉलेज के सभी कर्मियों ने बधाई दी।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग, आधा दर्जन फल दुकानदारों को भारी नुकसान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर स्थित बाजार समिति में मंगलवार की दोपहर अचानक आग लग जाने से तकरीबन आधा दर्जन फल की दुकानों को नुकसान पहुंचा है। मिली जानकारी के अनुसार बाजार समिति के फल दुकानों के ऊपर रखे प्लास्टिक के कैरेट बिजली के तार के संपर्क में आ गया, जिससे शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई। वहीं बाजार समिति में फलों का कचरा भी सूखा हुआ पड़ा था, जिससे देखते ही देखते आग फैल गई और कुछ ही देर में आग भयावह रूप धारण कर लिया। हालांकि गनीमत यह रही कि समय रहते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पा लिया गया।

इस हादसे में तकरीबन आधा दर्जन दुकानदारों को भारी नुकसान पंहुचा है। बताते चलें कि बाजार समिति परिसर के अंदर अस्थाई फलों का दुकान बनाया गया है, जबकि बाहरी परिसर में कई स्थाई दुकानें भी संचालित होती है। इसके अलावा परिसर में ही फल व्यवसाईयों के द्वारा कचरा फेंका जाता है, जो भीषण गर्मी के कारण पूरी तरह से सूख चुका था। जैसे ही दुकानों के छत के ऊपर रखे प्लास्टिक के कैरेट बिजली के तार के संपर्क में आया, तेज हवाओं के कारण कैरेट में लगी आग धीरे-धीरे कचरों तक जा पहुंचा और बाजार समिति का पूरा परिसर आग की चपेट में आ गया। वहीं बाजार समिति के सचिव अभिषेक आनंद ने बताया कि फल व्यवसाईयों की लापरवाही के कारण यह आग लगी है। अगर फल व्यवसाई व्यवस्थाओं को दुरुस्त नहीं करेंगे, तो उनकी दुकान भी रद्द की जाएगी।

## चपरासी विष्णु यादव का निधन पर शोक सभा का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय में चपरासी रह चुके विष्णु यादव का सोमवार को निधन हो गया। वे काफी समय से बीमार चल रहे थे। मंगलवार को प्रखंड के सभी कर्मियों ने उनके लिए 2 मिनट का मौन रखा और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। विष्णु यादव ने गिद्धौर प्रखंड में लगभग 12 वर्षों तक कार्य किया था और पिछले वर्ष 22 फरवरी 2023 को उनका स्थानांतरण जिला मुख्यालय में चपरासी के पद पर हो गया था। वे एक ईमानदार व्यक्ति थे और उनके कार्यकाल को लोग खूब सराह रहे हैं।

## घर में आग लगने से तीन मवेशी की जलकर मौत, लाखों का नुकसान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सिंगारडीह में पंचायत समिति सदस्य प्रेमलाल यादव के घर में आग लगने से तीन मवेशी समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया।

इस बारे में प्रेमलाल यादव ने बताया कि घर के अंदर तीन मवेशी खूंटे से बांधे थे और घर के उपर पुआल रखा था, तभी अचानक आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज हो गई कि आसानी से उसपर काबू नहीं पाया जा सका। ग्रामीणों की मदद से जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक तीनों मवेशी और पुआल जलकर राख हो गया। जिससे पीड़ित परिवार को लाखों रुपए का नुकसान हो गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का कोई पता नहीं चल पाया है।

## ऑनलाइन योगा व मेडिटेशन सर्टिफिकेट कोर्स का समापन




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं श्री अरबिंदो योगा एंड नॉलेज फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 9 अप्रैल से 29 अप्रैल 2024 तक 30 घंटों का वैल्यू एडेड ऑनलाइन योगा एंड मेडिटेशन सर्टिफिकेट कोर्स का समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एवं कार्यक्रम समन्वयक सौरभ शर्मा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत कर किया, तत्पश्चात् कार्यक्रम में श्री अरबिंदो योगा एंड नॉलेज फाउंडेशन की संस्थापक डॉ इंद्राणी एवं निदेशक डॉ. किरण बाला पटेल ने कार्यक्रम में जुड़े सभी प्रतिभागियों सराहना की। वहीं उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम व्यक्तित्व विकास के लिए सहायक होते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय की उपनिदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने कहा कि इस योगा एवं मेडिटेशन कोर्स के द्वारा सभी प्रशिक्षुओं ने योगा एवं मेडिटेशन की विस्तृत जानकारी प्राप्त की है। इस कोर्स का सभी प्रशिक्षुओं को भविष्य में बहुत लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि योग एवं मेडिटेशन हम सभी के जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। हम सभी को अपने दैनिक दिनचर्या में इसको अपनाना चाहिए। वहीं सोनाली कुमारी, सोनू पंडित व सुनील कुमार वर्मा ने रिपोर्ट प्रेजेंटेशन किया गया। इस दौरान प्रशिक्षु शिफा नूरी, रिंकी कुमारी एवं पूनम कुमारी ने अपने अनुभव साझा किया। वहीं मुख्य वक्ता डॉ. प्रेम लाल पटेल बैचलर ऑफ नैचुरोथेरेपी एंड योग विज्ञान रायपुर छत्तीसगढ़ ने कहा कि योग एक आयात्मिक प्रक्रिया है। मौके पर प्राचार्या डॉ. मृदुला भगत, डॉ. मनीष कुमार पासवान, मनीष कुमार सिन्हा, अंगुरी खातून, दिलीप साव, इफ्तेकार अंसारी, उमा कुमारी, राहुल कुमार आदि मौजूद थे।

## समाहरणालय परिसर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित स्वीप कोषांग के माध्यम से मतदाता जागरुकता के लिए विविध गतिविधि आयोजित की जा रही हैं। इसी दौरान स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत पदाधिकारी और कर्मचारियों ने समाहरणालय सभागार में एकत्रित होकर गुब्बारे उड़ाकर अधिक से अाकि मतदान के लिए संदेश दिया।

**आकर्षण का केन्द्र रहे गुब्बारों का झुंड :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अगुवाई में पदाधिकारी और कर्मचारियों सहित युवा मतदाताओं ने गुब्बारे आकाश में उड़ाए। गुब्बारे का झुंड आकर्षण का केन्द्र रहा। इस दौरान सभी ने नैतिक और विश्वास के साथ मतदान में भागीदार बनने का दृढ़ संकल्प लिया।

**नुक्कड़ नाटक कर मतदाताओं को नैतिक मतदान का दिया संदेश :** युवा मतदाताओं के द्वारा मतदाता जागरूकता से संबंधित नुक्कड़ नाटक किया गया और जिले के सभी मतदाताओं से मताधिकार का प्रयोग करते हुए मतदान करने की अपील किया गया। साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के द्वारा नैतिक मतदान करने का शपथ दिलाया गया। मौके पर डीडीसी ऋतुराज, डीएसडब्लूओ शिप्रा सिन्हा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस कुजूर, डीएसओ अविनाश पुरेंदु, डीडब्लूओ अभिषेक आनंद समेत कई पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

### अपना मतदान अवश्य करें : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

जिला निर्वाचन पदाािकारी ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में हर वोट बहुमूल्य है, कोई मत बेकार न जाए। लोकतंत्र को मजबूत बनाकर देश के उत्थान में सभी भागीदार बनें। जिला निर्वाचन पदाािकारी-सह-उपायुक्त ने जिलावासियों से अपील किया कि आने वाले 20 मई 2024 दिन सोमवार को अपने-अपने मतदान केन्द्र पर जाएं और अपना बहुमूल्य वोट दें। चुनाव का पर्व देश का गर्व में अाकि से अाकि संख्या में अपने घर से निकले और अपना मतदान अवश्य करें।

एक नजर में

## इटखोरी के पारुल कुमारी बनी इंटर की आर्ट्स जिला टॉपर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इटखोरी।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा जारी इंटरमीडिएट आर्ट्स की परिक्षा में इटखोरी प्रखंड के कोनी पंचायत के बंथु गाँव निवासी सामिक कुमार प्रजापति की पुत्री पारूल कुमारी ने 449 अंक प्राप्त कर जिला टॉपर बन गई है। पारूल कुमारी केबी हाई स्कूल इटखोरी की छात्रा हैं और उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और विद्यालय परिवार को दिया है।पारूल का सपना आईएएस बनने का है और वह भविष्य में आईएएस अधिकारी बनकर प्रशासनिक सेवाओं में योगदान देना चाहती हैं। पारूल शुरू से ही सरकारी स्कूल में पढ़ती रही हैं और उन्होंने पांचवीं तक की पढ़ाई अपने गाँव के सरकारी स्कूल में पूरी की, उसके बाद उनका एडमिशन इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय इटखोरी में हो गया जहाँ वह छात्रावास में रहकर पढ़ाई करती थीं। पारूल बचपन से ही पढ़ने में तेज थीं और उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से यह सफलता हासिल की है।

## चतरा में गर्मी और पानी की दोहरी मार से लोग परेशान



**खबर मन्त्र संवादाता**

**गिद्धौर।** चतरा में भीषण गर्मी के कारण लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है और प्रखंड के विभिन्न गांवों में पेयजल की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के जपुआ टोला में रहने वाले आदिम जनजाति परिवारों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उनके घरों में लगी जल मीनार में पानी नहीं आ रहा है। इस समस्या को लेकर बिरहोर परिवार के लोग ब्लॉक परिसर पहुँचे और अंचलाधिकारी से मुलाकात की। अंचलाधिकारी ने उन्हें आश्वासन दिया कि 24 घंटे के अंदर जलमीनार की मरम्मत करवाकर पानी की आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

इसके अलावा, उन्होंने बीमार होने के कारण मरने वाले मनु बिरहोर के परिवार को पारिवारिक लाभ दिलाने और जनमन योजना के तहत सभी बिरहोर परिवारों को आवास मुहैया करवाने की बात भी कही है।

## मतदान के लिए मतदाताओं को किया गया जागरूक



**खबर मन्त्र संवादाता**

**चतरा।** चतरा लोकसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत विद्यालयों के छात्रों द्वारा प्रभात फेरी, स्लोगन, रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 2019 के चुनाव में कम मतदान वाले बूथों पर संध्या चौपाल और रात्रि चौपाल का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। जिला योजना पदाधिकारी ने अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र लावालौंग प्रखंड के टिकदा और मलगू बूथों पर जाकर मतदाताओं को जागरूक किया। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी और सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर ने प्रतापपुर प्रखंड के चंद्रीगोविन्दुपर पंचायत के चट्टीअनंतपुर उत्तरी बूथ पर जाकर मतदाताओं से मुलाकात की और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया।

## सरकारी संपत्ति का नुकसान पहुंचाने पर होगी कार्रवाई : एसडीओ

**कोडरमा।** जिले में ऐसे मामले संज्ञान में आ रहे हैं, जिसमें प्रशासन का नाम लेकर शरारती तत्वों द्वारा सरकारी संपत्ति का विरुपण किया जा रहा है। यह पूरी तरह से नियम विरुद्ध एवं गैरकानूनी है। वहीं एसडीओ रिया सिंह ने ऐसे मामलों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई करने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि प्रशासन द्वारा इस तरह के मामलों की गहनता से जांच की जा रही है, दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने को लेकर हुई मापी



**खबर मन्त्र संवादाता**

**इटखोरी।** इटखोरी मुख्य बाजार में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रभार अंचलाधिकारी सोमनाथ बांकिरा के नेतृत्व में राजस्व कर्मचारियों द्वारा मापी की जा रही है। इस प्रक्रिया के दौरान थाना प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह भी मौजूद थे। जैसे ही राजस्व कर्मचारी मापी करने पहुँचे, व्यवसायियों में हड़कंप मच गया। सोमनाथ बांकिरा ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के लिए व्यवसायियों को नोटिस दिया जाएगा और यदि वे स्वेच्छा से अतिक्रमण नहीं हटाते हैं, तो सरकारी अधिकारी बलपूर्वक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेंगे।

